तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 7 जून 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

13 पूर्व सरपंच पर 5.18 लाख के गबन का आरोप...



13 गुड़रूडीह में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरुकता ...



## खबर संक्षेप

### सुपरवाइजर की बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम मौलीमुड़ा से एक सुपरवाइजर की बाइक चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पुरूषोत्तम साहू ने बताया कि वह एनएच रोड कार्य में सुपरवाईजर के पद पर काम करता हैं और वर्तमान में ग्राम मौलीमुडा में किराये के मकान में रहता है। 5 जून को उसने अपनी बाइक सीजी 06 जीएच 5101 को रात्रि 2.30 बजे संतोष चंद्राकर के किराये के मकान के सामने मेन रोड ग्राम मौलीमुडा में खड़ी किया था, सुबह 5 बजे उठकर देखा तो बाइक वहां नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बड़े भाई से मारपीट

**महासमुंद।** बड़े भाई से मारपीट करने के मामले में सांकरा पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को वृंदावन साहू पिता भारत साहू (38 साल) निवासी पाटनदादर ने बताया कि 4 जून की रात करीबन 9 बजे उसका छोटा भाई खिरोद साहू उसके पिता से गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया। इसी बात को लेकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते आरोपी ने हाथ मुक्काएवं लकड़ी से मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### फार्म एंड रिसर्च सेंटर से 20 हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम सिंधौरी स्थित फार्म एंड रिसर्च सेंटर से 20 हजार रुपए के सामान की चोरी हो गई। पटेवा पुलिस को प्रार्थी पंकज पिता ओम प्रकाश वस्त्राकर ग्राम चौकबेड़ा ने बताया कि वह बालाजी फार्म एंड रिसर्च सेंटर ग्राम सिंधौरी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हूं । 26 मई को शाम 5:30 बजे छुट्टी होने के बाद ऑफिस के क्वाटर में चला गया, उसके बाद रात को अगेश्वर पिता मुनिचंद मांझी और धनेश पिता जीवनलाल यादव नाईट ड्यूटी पर थे। 30 मई की दोपहर 3:30 बजे हरेंद्र पिता हिम्मत ध्रुव दाना बनाने के लिए ग्लैंडर मशीन को लाने गया तब उसने चिक्स कैच सेड पर जाकर देखा तो वहां ग्लेंडर मशीन 1 नग, वाशिंग स्प्रे 3 एचपी 1 नग, 3 कोर 2.5 एमएम के 400 फीट केबल, स्प्रे पाईप 250 फीट लंबा, बोल्टिंग मशीन 1 नग समान कुल कीमत 20000 रुपए वहां पर मौजूद नहीं थे, उक्त सभी सामान को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# कोटवारी जमीन को गैरकानूनी तरीके से बेचा, ग्रामीणों ने घेरा उपतहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

कोटवारी जमीन को गैरकानूनी तरीके से बेच दिए जाने का आरोप लगाते हुए ग्राम बड़ेसाजापाली के सैकड़ों ग्रामीणों ने उपतहसील कार्यालय भंवरपुर का घेराव कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम के कोटवार ने शासन से प्राप्त सेवा भूमि को गैरकानूनी रूप से बेच दिया है, जो न केवल असंवैधानिक है, बल्कि ग्राम पंचायत के अधिकारों और सार्वजनिक हित के खिलाफ भी है।

इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने मांग की कि संबंधित कोटवार को तत्काल पद से हटाया जाए और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि बेची गई सेवा भूमि की तत्काल जांच कर उसे पुनः राजस्व अभिलेखों में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज किया जाए। ग्रामीणों द्वारा 2 माह पहले सुशासन तिहार में पूर्व में कुल खसरा नंबर 11 कुल 4.58 हेक्टेयर भूमि के सीमांकन की मांग करते हुए विधिवत चालान नक्शा खसरा बी-वन इत्यादि आवश्यक दस्तावेज भी जमा कराया जा चुका है।

उपतहसीलदार अरपन कुमार कुर्रे ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि ग्रामीणों के आवेदन पर प्रकरण दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

## कोटवार को हटाने की मांग, एक महीने में नहीं हुई कार्यवाही तो करेंगे उग्र आंदोलन

### कार्रवाई नहीं तो जिला मुख्यालय में होगा प्रदर्शन

इधर, ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए उन्हें पुलिस बल द्वारा बाहर ही रोककर चर्चा के लिए प्रतिनिधिमंडल को नायब तहसीलदार के कार्यालय में बुलाकर बातचीत की तथा बाद में ग्रामीणों का बयान दर्ज किया गया। प्रदर्शनकारियों ने उपतहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे।



### ऐसे कृत्य को बताया भविष्य के लिए प्रोत्साहित करने वाला

ग्रामीणों का कहना है कि कोटवार की यह कार्रवाई न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य में अन्य शासकीय कर्मचारियों को भी इसी तरह के कृत्य के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। प्रदर्शन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भी बड़ी भागीदारी देखी गई। ग्रामीणों की एकजुटता और शासन के विरुद्ध उनके शांतिपूर्ण विरोध ने यह दर्शाया है कि वे अपने अधिकारों और गांव की सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा को लेकर सजग हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी शीघ्रता और पारदर्शिता से कार्रवाई करता है।

**रोष : जनपद सभापति और सदस्यों ने किया सामान्य सभा का बहिष्कार**

# जनपद में पूर्व के प्रस्तावों पर अमल नहीं, अफसर भी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बैठक में अफसरों की अनुपस्थिति

- सभापति सिन्हा सहित अन्य जनपद प्रतिनिधि निकले सभाकक्ष से बाहर, जताई आपत्ति

के चलते शुक्रवार बसना जनपद में आहूत सामान्य सभा की बैठक का स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बहिष्कार कर दिया। जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा द्वारा इस मामले को लेकर आपत्ति दर्ज कराए जाने के बाद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, सभापति जन्मजय साव, कृष्ण कुमार पटेल सहित अन्य जनपद सदस्य भी सभा छोड़कर कक्ष से बाहर निकल गए।




पूर्व में पारित प्रस्तावों पर अमल नहीं होने और अधिकांश विभाग के अधिकारियों को अनुपस्थित देख सदस्यों ने इस पर कड़ा रुख अपनाया। करीब दो महीने बाद शुक्रवार को जनपद पंचायत बसना में सामान्य प्रशासन की बैठक आयोजित थी।

### बैठक में इन विभाग के अधिकारी रहे नदारद

सामान्य सभा की बैठक सूचना जनपद पंचायत बसना द्वारा समस्त विभाग को सूचना भेज दी गई थी। उसके बावजूद बैठक में शिक्षा विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री सड़क, बीज निगम सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी नदारद रहे। जनपद सीईओ पीयूष ठाकुर ने बताया कि सामान्य सभा बैठक सूचना सभी विभाग को भेज दिया गया था, लेकिन कुछ विभाग के अधिकारी उपस्थित नहीं हुए।

निर्धारित समय में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति और जनपद सदस्य सभाकक्ष में पहुंच गए। सीईओ और 5-7 विभाग के कर्मचारियों को छोड़कर अधिकांश जिम्मेदार अफसर सभा में नहीं पहुंचे, ऐसे में सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया।

सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा कि पूर्व निर्धारित बैठक के बावजूद 25 से अधिक विभाग में से 8-10 विभाग के जिम्मेदार अफसरों की बजाय अधीनस्थ कर्मचारी ही पहुंचे। दो महीने पहले हुई बैठक में समस्त विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी

- अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

संघ ने शुक्रवार को संघ के प्रांतीय आह्वान पर दो सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा।

संघ के जिलाध्यक्ष श्यामरतन सागर ने बताया कि संघ ने अंशकालीन से पूर्णकालीन कर कलेक्टर दर की भुगतान के साथ ही युक्तियुक्तकरण हुए शालाओं में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को समायोजित करने की मांग की गई है। साथ ही संघ द्वारा शासन को चेतावनी दी है कि मांगों को गंभीरतापूर्वक विचार करते 9 जून तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है तो 10 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहने के लिए बाध्य होंगे। उक्त जानकारी संघ के जिला सचिव मानिक लाल टंडन ने दी है।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पचरी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस को राकेश रात्रे ने बताया कि करण कुर्रे के परिवार के साथ खुला ब्यारा को लेकर एक वर्ष से जमीन विवाद चल रहा है । 5 जून की शाम 7 बजे उसके घर से लगे खुला ब्यारा में करण कुर्रे, समीर कुर्रे, आर्यन कुर्रे, गंदेशर कुर्रे ईंट रख रहे थे, जिसे उसकी पत्नी हिना रात्रे, भाभी राजेश्वरी रात्रे द्वारा जमीन का विवाद चल रहा है अभी ईंट मत रखो कहा। जिस पर आरोपी करण कुर्रे, समीर कुर्रे, आर्यन कुर्रे, गंदेशर कुर्रे ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए उसकी पत्नी और भाभी के साथ डंडे और ईंट से मारपीट की। जब प्रार्थी ने बीच बचाव किया तब उसे भी डंडे से मारा गया। मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं इसी घटना को लेकर दूसरे पक्ष के गंदेशर कुर्रे ने पुलिस को बताया कि गांव के राकेश रात्रे के घर से लगा हुआ उनका पुराना घर था जो टूट-फूट गया है । उस जगह पर उसके परिवार एवं राकेश रात्रे के परिवार में लगभग एक वर्ष से विवाद चल रहा है । 5 जून की 7 बजे ईंट रखने के लिए गए थे। उसी समय गांव के राकेश रात्रे, हीना रात्रे, राजेश्वरी रात्रे एवं नयन रात्रे आये और ईंट रखने के लिए मना करने लगे और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।

# राजधानी तक सफ़र करना ही होता है सैकड़ों को पासपोर्ट के लिए

## सेवा केंद्र के लिए चुनी नहीं जा सकी जगह, वर्षों से अटकी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पांच साल बाद भी मुख्यालय स्थित डाकघर में पासपोर्ट सेवा केंद्र नहीं खुल पाया है। जगल का चयन नहीं हो पाना इसका सबसे बड़ा कारण सामने आ रहा है। बता दें कि इसके लिए टीम कई बार आ चुकी है। सेवा केंद्र नही होने के कारण हर साल सैकड़ों लोगों को राजधानी के चक्कर काटने पड़ते हैं।

विदेश मंत्रालय ने डाक विभाग के सहयोग से पासपोर्ट केंद्र खोलने की योजना बनाई है। योजना के तहत सभी लोकसभा क्षेत्र में पासपोर्ट सेवा केंद्र खुलना प्रस्तावित है। महासमुंद जिला आकांक्षी जिले में भी आता है। 2025 में भी फरवरी माह में एक टीम आई थी। डाकघर का अवलोकन किया। 2024 में भी एक टीम ने डाकघर के प्रथम तल का अवलोकन किया और यह अधिकारियों को नहीं भाया। पूर्व में पासपोर्ट सेवा केंद्र के लिए भवन की मांग भी जिला प्रशासन से की गई थी, लेकिन इस ओर प्रशासन ने भी ध्यान नहीं दिया। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों ने भी स्वतंत्र भवन को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वर्तमान में लोगों को पासपोर्ट बनाने के लिए राजधानी जाना पड़ता है। विदेश जाने के लिए



लोग पासपोर्ट बनाते हैं। लोग आजकल विदेश में शिक्षा, तीर्थ, व्यापार, चिकित्सा और अपने पारिवारिक सदस्यों से मिलने जाते हैं। इसके लिए पासपोर्ट आवश्यक होता है। जिले से भी विदेश जाने वालों की संख्या में तेजी आई है। पोस्ट मास्टर बीआर मरकाम ने बताया कि चार माह पूर्व भवन को एक टीम ने देखा था। अभी कुछ फाइनल नहीं हो पाया है। डाकघर के ग्राउंड लोर की जगह टीम ने देखी थी।

### लोगों के आने-जाने का बचेगा खर्च

विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया को पहले से आसान किया है। अब ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। इसमें दस्तावेज जमा करने के लिए ऑनलाइन अपाइनमेंट भी शामिल है। हालांकि, इसके लिए लोगों को राजधानी जाना पड़ता है।

### आसान हुई प्रक्रिया

वर्तमान में लोग पासपोर्ट बनाने के लिए राजधानी रायपुर जाना पड़ता था। इसके लिए आने-जाने का खर्च भी होता है। पासपोर्ट सेवा केंद्र भी महासमुंद में बन जाने से लोगों का आने-जाने के खर्च के साथ ही समय की भी बचत होगी और राजधानी पर भी निर्भरता कम होगी। पासपोर्ट बनाने के लिए लोगों को समय लगता है। आसानी से कम समय और कम खर्च में पासपोर्ट बन जाएगा।

**मानसून पूर्व आवश्यक रखरखाव का कार्य 2 जून से हो चुका है शुरू**

# रखरखाव के लिए 14 तक छह घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अगले कुछ दिनों में जिले में मानसून सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है। मानसून के दौरान विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहे, इसके लिए शहर जोन अंतर्गत मानसून पूर्व आवश्यक रखरखाव (मेंटेनेंस) 2 जून से शुरू हो चुका है जो 14 जून तक चलेगा। इस दौरान सुबह 9:30 से दोपहर 2:30 तक शहरी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग दिन बिजली बंद रहेगी।

जानकारी के अनुसार 2 जून को फीडर 11 के व्ही ईमलीभाठा के एकता चौक, गुलशन चौक, वर्धमान नगर अयोध्या नगर, इमलीभाठा फटाका गली, फर्शी गली की बिजली बंद रही। इसी प्रकार 3 जून को 11 केवी टॉउन-1 के बीटीआई रोड, भाजपा कार्यालय के पीछे पुराना मलेरिया ऑफिस भलेसर रोड, बागबाहरा रोड, नया रावणभाठा कुम्हार पारा और आज 4 जून को 11 केवी टॉउन-2 के कॉलेज रोड, मेघ बसंत कॉलोनी, आश्रम कॉम्प्लेक्स, क्लबपारा, स्वीपर कॉलोनी, मिनी स्टेडियम के पीछे के क्षेत्र की बिजली बंद है।

विद्युत विभाग के सहायक अभियंता (शहर) के सूर्यकांत लांझी ने बताया कि बरसात के दिनों में विद्युत व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए मेंटनेंस कार्य जारी है। इसके अंतर्गत लूज प्वाइंट, इंसुलेटर, ट्रांसफॉर्मर की जांच, केबल व तारों की जांच की जाती है जो भी चीजें खराब होने की स्थिति में रहती है उसे बदला जाता है साथ ही विद्युत सप्लाई संबंधी सभी चीजों का रखरखाव किया जाता है, इसके अलावा जहां से भी तार गई है उसके पास में पेड़ की टहनियों की छंटाई भी की जाती है और यह सब कार्य बिजली बंद



करने के दौरान ही करना होता है। बिजली बंद से लोगों को थोड़ी दिक्कत हो रही है पर बरसात में राहत रहेगी।

### मेंटेनेंस के दौरान यहां रहेंगी बिजली बंद

जानकारी के अनुसार 7 जून को 11 केवी टाऊन 3 के कलेक्ट्रेट कॉलोनी, बी.टी.आई. रोड, शिवानंद कॉलोनी, न्यू सिविल लाईन, केंद्रीय विद्यालय, मौहारीभाठा, 8 जून को 11 केवी रायपुर रोड, खरोरा, डीसीबी बैंक के सामने जिला अस्पताल एवं कॉलोनी, त्रिमूर्ति कॉलोनी व पिटियाझर बस्ती लालदाढ़ीपारा, रेलवे स्टेशन रोड, पंजाबीपारा, पिटियाझर रोड, सरस्वती राईस मिल, एफसीआई के पीछे, थॉमस गली, नहर किनारे, 9 जून को 33 केवी, टॉउन-2 33/11 केवी इमलीभाठा उपकेंद्र से निकलने वाली समस्त 11 केवी लाईने प्रभावित रहेंगी। इसी प्रकार इसी दिन पंजाबीपारा, पिटियाझर रोड, सरस्वती राईस मिल, एफसीआई के पीछे, थॉमस गली सुभाष नगर नहर किनारे, 10 जून को 33/11 के व्ही पिटियाझर एवं रायपुर रोड उपकेंद्र से निकलने वाली समस्त 11 केवी लाईनें, 11 जून को 11 के व्ही टाऊन 3 कलेक्ट्रेट कॉलोनी, बीटीआई रोड, शिवानंद कॉलोनी, न्यू सिविल लाईन, केंद्रीय विद्यालय, मौहारीभाठा, 12 जून बॉदल नर्सरी नूरानी चौक, धाम गली, शिव चौक, छिपिया पारा, दलदली रोड एकता चौक, गुलशन चौक, वर्धमान नगर, अयोध्या नगर, इमलीभाठा फटाका गली, फर्शी गली, 13 जून को रायपुर रोड, शंकर नगर अंबेडकर चौक, गंजपारा, आदित्य हॉस्पिटल, स्टेशन रोड, पंजाबी पारा, लोहिया चौक और 33/11 के व्ही रायपुर रोड उपकेंद्र से निकलने वाली समस्त 11 केवी लाईनें व 14 जून को कॉलेज रोड, मेघ बसंत कॉलोनी आश्रम कॉप्म्लेक्स, क्लब पारा, स्वीपर कॉलोनी, मिनी स्टेडियम के पीछे की बिजली बंद रहेगी।

# सिंगबहाल सोसाइटी में मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सिंगबहाल सोसाइटी में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सिंघोड़ा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी हेमंत साहू पिता रिमांच साहू (31 साल) कोईलबहाल ने बताया कि वह सिंगबहाल सोसायटी में लिपिक सहायक के पद पर पदस्थ है। 4 जून को लगभग 11:30 बजे वह सिंगबहाल सोसायटी में अपने कर्मचारी बुद्धिवंत प्रधान एवं गिरिजाशंकर भोई के साथ सोसायटी में काम कर रहा था, उसी समय ग्राम चारभांठा का शिवशंकर नायक पिता लक्ष्मण कुमार नायक जो सोसायटी में विक्रेता (सेल्समैन) के पद पर काम करता है, वहां आया। जिससे उसने पूछा कि हमारे खिलाफ बार बार शिकायत उच्च अधिकारियों को क्यों करते हो। इस पर वह हम तीनों को गाली देने लगा और मना करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

वहीं प्रार्थी शिवशंकर नायक पिता लक्ष्मण कुमार नायक (35 साल) चारभांठा ने पुलिस को बताया कि वह 4 जून को समय लगभग 11:30 बजे सिंगबहाल सोसायटी में अपने समिति कार्य से गया था, तभी हेमंत साहू पिता रिमांच साहू, बुद्धिवंत प्रधान पिता लिंगराज प्रधान, गिरिजाशंकर भोई पिता विजय भोई ने आकर उसे तू बहुत होशियारी मारता है और सिंगबहाल समिति के फर्जीवाडे की शिकायत कर रहा है और पेपर में भी छपवा रहा है कहकर गाली देते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम केशवा में एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस न बताया कि आरोपी वीरेंद्र कुमार मारकंडे पिता देवाराम मारकंडे (25 साल) निवासी ग्राम केशवा के पास से 22 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत करीबन 1760 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### रेलवे आरक्षण केंद्र का उद्घाटन



**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने गुरुवार को फतेशाह मार्केट के सामने सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा रायपुर में रेलवे आरक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित हुए। इस अवसर पर सुविधा केन्द्र प्रभारी मनीष चंदवानी, वरिष्ठ वाणिज्यिक निरीक्षक मनोज हाटी, पीआरआई शिवप्रसाद, प्रभाकर राव, भाजपा मंडल अध्यक्ष केदार धनगर, मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष ब्रदीप्रसाद गुप्ता, पार्षद प्रमोद साहू, वरिष्ठ नेता रामकृष्ण धीवर, मनोज साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिवसेना ने शहर से ऑटो नो जोन हटाने ज्ञापन सौंपा

**रायपुर।** शहर में जिला प्रशासन एवं यातायात द्वारा चौक-चौराहों पर आटो नो जोन घोषित किया गया है। इस संबंध में शिवसेना प्रदेश महासचिव संजय नाग एवं बल्लू जांगड़े ने बताया कि शिवसेना एवं ऑटो सेना के कार्यकर्ताओं ने नलघर चौक से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में एसडीएम को ऑटो एवं ई-रिक्शा को उन मार्गों से आवागमन की अनुमति देने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ई-रिक्शा चालकों को घूमकर जाने में चार्जिंग ज्यादा खर्च होती है, जिससे उनकी रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है एवं गाड़ी की किस्त जमा करना भी दूभर हो रहा है। अगर सिटी बसों को परमिशन दिया गया है तो ई-रिक्शा एवं ऑटो को भी परमिशन दी जाए और ऑटो नो जोन हटवाकर स्थायी स्टैंड बनाया जाए। ज्ञापन सौपनें वालों में रेशम जांगड़े, कृष्णा यादव, सुरेश तिवारी, लोकेश ठाकुर, रामेश साहू, राकेश नायक के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महादेव घाट रोड में देर रात युवक युवतियों के बीच जूतमपैजार

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के महादेव घाट रोड में बीच सड़क पर युवक, युवतियों के बीच जमकर लात, घूंसे चले। मारपीट का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। घटना की अब तक किसी भी पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। वीडियो सामने आने पर पुलिस अपने स्तर पर युवक, युवतियों की पहचान करने की कोशिश में जुटी हुई है। आपस में झगड़ा करने वालों की पुलिस को अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है। सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसके मुताबिक तीन से चार लड़कियों के एक ग्रुप को कुछ लड़के रोक कर उनके साथ छेड़खानी करने लगते हैं। इस दौरान एक युवक की लड़कियां कालर पकड़कर उसकी पिटाई करने लगती हैं। मारपीट के दौरान अन्य लड़के, लड़कियों से उलझते तथा मारपीट करते दिख रहे हैं। जिन लड़कियों के साथ लड़कों ने मारपीट की है, पुलिस को आशंका है, वो एक ही ग्रुप के हो सकते हैं, जिनका आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया होगा और उनके बीच मारपीट हो गई होगी।

**कोरबा, बिलासपुर की वॉलीबाल खिलाड़ी :** जिन लड़कियों के साथ मारपीट की घटना हुई है, उनके बिलासपुर तथा कोरबा निवासी होने की जानकारी सामने आई है। लड़कियां महादेव घाट तरफ अपने किसी दोस्त के जन्मदिन पार्टी में शामिल होने आई थीं। वापसी के दौरान बदमाशों ने लड़कियों का पीछा करते हुए उन पर छींटाकशी की। इस बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ और दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे।

# किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सुखीपाली में शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान 12 जून तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से अवगत कराना है। शिविर में ग्राम सुखीपाली, चिखली एवं डुमरपाली के सरपंच, पंचगण, सहकारी समिति सुखीपाली के अध्यक्ष, उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप, कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद के डॉ. कुणाल चंद्राकर, डॉ. श्रीधर तथा कृषि महाविद्यालय के डॉ. प्रफ्फुल और बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान शिविर में किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई एवं मशरूम उत्पादन, लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप जैसे जैविक कीट नियंत्रण के उपायों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त खेत की तैयारी से लेकर फसल कटाई तक की सम्पूर्ण कृषि क्रियाओं की वैज्ञानिक विधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि कश्यप द्वारा किसानों की समस्याएं सुनी गईं एवं समाधान हेतु सुझाव दिए गए। उन्होंने किसानों से फीडबैक भी प्राप्त किया, जिससे आगामी योजनाओं को किसानों की आवश्यकता अनुसार बेहतर ढंग से तैयार किया जा सके। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं उन्नत किसानों ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव और अनुभव साझा किए। जिससे स्थानीय किसानों को अपने जैसे साथियों से प्रेरणा मिली। इस अभियान के माध्यम से जिले के किसानों को कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्थायी विकास के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।




# एक पेड़ माँ के नाम और हसदेव के 2.73 लाख पेड़ अडाणी के नाम : विनोद

## माँ के नाम पौधे रोपकर हसदेव की कटाई से प्रदेशवासियों का ध्यान भटका रहा भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने विगत वर्ष से एक अभियान चला रखा है माँ के नाम पर। जिसके तहत पौधे लगाने का स्वांग रचा जा रहा है। इस बार पुनः यही स्वांग एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत रचा जा रहा है। यदि एक पेड़ मां के नाम, तो फिर पूरा हसदेव जंगल किसके नाम? यदि मां के नाम पर पेड़ लगाने का स्वांग रचने के बजाय सदियों से प्रकृति द्वारा संरक्षित संवर्धित हसदेव जंगल की कटाई को भाजपा सरकार रूकवा दें तो माता-पिता, रिश्तेदारों के नाम पर अलग से पेड़ लगाने की आवश्यकता ही न पड़े।



चंद्राकर ने कहा कि गत वर्ष राज्यसभा में केंद्र ने बताया था कि परसा ईस्ट केते बासन खदान में पिछले वर्ष 2024 में जून तक 1 लाख पेड़ काटे जा चुके थे। इस जंगल में 2,73,757 पेड़ काटने का लक्ष्य रखा गया है। जून 2025 तक यह आंकड़ा लगभग डेढ़ लाख पहुँच चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पेड़ लगाने का जो स्वांग रचा जा रहा है, जो केवल माँ के नाम पर प्रदेश वासियों को भावनात्मक रूप से हसदेव के मुद्दे से ध्यान भटकाने का एक सुनियोजित षड़यंत्र है। यह सरकार माँ के नाम पेड़ लगाने का ढोंग रचकर हसदेव जंगल का सुनियोजित विनाश कर रही है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर हसदेव जंगल की कटाई पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। जिसे विपक्षी भाजपा विधायकों ने भी समर्थन दिया था। अब उन्हीं के सरकार में इस देवभूमि की कटाई पर भाजपा के लोग मौन होकर इस विनाश को देख रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासी समुदाय के अस्तित्व और पर्यावरण को अडानी की लूट के लिए कुर्बान कर दिया है। हसदेव अरण्य वह अद्भुत जंगल है, जहां प्रकृति ने अपनी पूरी खूबसूरती और जीवन को संजोया है। यह भूमि सदियों से आदिवासियों की पहचान रही है। उनकी परंपराओं और आस्थाओं का प्रतीक रही है। आज प्रकृति के अनमोल धरोहर को अडाणी को बेच दिया गया है। यह केवल एक जंगल की कटाई नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और भविष्य की विनाश की शुरुआत है। यह दुर्भाग्य है कि भाजपा ने सरकार बनते ही देवभूमि हसदेव जंगल की कटाई पर लगे रोक को हटाकर इसे अडानी को सौंप दिया।





## लक्ष्मीनारायण मंदिर के 29वां स्थापना दिवस मनाया

**सरायपाली।** नगर के मध्य स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर का 29वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। सुबह अभिषेक के बाद मंगल आरती व कीर्तन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा मंदिर प्रांगण खुशनुमा हो गया। रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजन भी किया गया। इस भव्य समारोह में अनेक श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कहा कि लक्ष्मीनारायण मंदिर न केवल श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी एक सशक्त केंद्र है। यहां का वातावरण आत्मिक शांति प्रदान करता है और इस मंदिर की ऐतिहासिकता नगर की पहचान है। मंदिर के 29वां स्थापना दिवस पर मंदिर को फूलों की सजावट और विशेष रोशनी से जगमगा उठा। फूलों की सुगंध और सुंदरता के समृद्ध भंडार का उपयोग किया गया। जिसके चलते मंदिर की दिव्यता को और बढ़ा दिया।

# एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत स्काउट-गाइड ने रोपे पौधे

## स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के स्काउट-गाइड ने रोपे पौधे लिया पर्यावरण बचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल तुमाडबरी के स्काउट गाइड द्वारा संस्था के ग्रुप लीडर एवं जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस के मार्गदर्शन एवं स्काउट मास्टर एवं जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, गाइड कैप्टन रूपा पांडेय के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम के तहत संस्था परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में संस्था के महाराणा प्रताप स्काउट दल एवं महारानी लक्ष्मीबाई गाइड कंपनी, संस्था के विद्यार्थियों, शिक्षकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके पूर्व स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरुकता के लिए वन विद्यालय महासमुंद से तुमाडबरी तक साइकिल रैली का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया एवं प्रदूषणमुक्त परिवेश बनाने प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस एवं बीईओ लीलाधर सिन्हा ने स्काउट गाइड को अपने-अपने घरों में तथा अपने आसपास के खाली जगहों पर कम से कम एक पौधा रोपकर उनकी सुरक्षा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा भी पौधरोपण किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल, बीईओ लीलाधर सिन्हा, एबीईओ हीना ढालेन, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, जिला मुख्यालय आयुक्त रामकुमार साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी तुलेंद्र सागर, ब्लाक सचिव लता वैष्णव, सहसचिव हिरेंद्र साहू, संस्था के जीआर टांडेकर, प्रियंका पीटर, मितेश शर्मा, प्रणीता शर्मा, विकास यादव, डा. शशबीर कौर संधु, कृति थवाईत, कल्याणी सोनकर, आकांक्षा भोई, नेहा दुबे, हीरालाल जोशी, दिव्येश वाणी, ओमप्रकाश देवांगन, योगिता ठाकुर, मधु साहू, मनीषा कन्नौजे, अंजली कहार, रवि ठाकुर, मदन कौशिक, शनि, नेहा सिंह, अंशुमाला बारिक, आकांक्षा जैन, हेमलाल चक्रधारी, प्रेम यादव, अंजू चंद्राकर, राधिका शर्मा, झम्मन, प्रकाश सहित संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रमोद कुमार कन्नौजे जिला सचिव ने किया।

# राज्य सरकार देगी 10 एकड़ जमीन | पुरखौती मुक्तांगन के सामने बनेगा कलाग्राम

## कलाकारों के सपनों का मंच होगा कलाग्राम : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर अटल नगर में पुरखौती मुक्तांगन के सामने भव्य एवं आकर्षक कलाग्राम की स्थापना होगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 10 एकड़ भूमि निःशुल्क दी जाएगी। यह निर्णय 4 जून को मुख्यमंत्री शविष्णु देव साय की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित महानदी मंत्रालय भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में कला, संस्कृति और शिल्प को प्रोत्साहन देना है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की मांग पर कलाग्राम के लिए नवा रायपुर के सेक्टर-24, ग्राम उपरवारा में लगभग 10 एकड़ भूमि निःशुल्क आबंटित किए जाने की मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि कलाग्राम की स्थापना छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला, संस्कृति और शिल्प को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि हमारे कलाकारों के सपनों का मंच होगा, जो उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और जीविका के अवसर प्राप्त करने में सहयोग करेगा। हमारी सरकार लोककला और हस्तशिल्प को आत्मनिर्भर भारत की भावना से जोड़कर उन्हें वैश्विक मंच देना चाहती है।





### केंद्र सरकार करेगी खर्च का वहन

यह कलाग्राम शिल्पकारों, लोक कलाकारों और परंपरागत कारीगरों के लिए एक समर्पित केंद्र होगा, जो सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा और रचनात्मक अर्थव्यवस्था के केन्द्र के रूप में कार्य करते हुए कला, संस्कृति एवं छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन करेगा। यह केंद्र निर्माण, संचालन एवं संरक्षण कार्यों सहित सभी खर्च भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा वहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा चिन्हांकित यह भूमि पुरखौती मुक्तांगन के सामने स्थित है, जो दो ओर से मुख्य मार्ग से जुड़ी हुई है तथा कलाग्राम के लिए उपयुक्त मानी गई है। चूंकि नवा रायपुर विकास प्राधिकरण एक स्ववित्त पोषित संस्था है, इसलिए राज्य शासन उक्त भूमि के प्रीमियम एवं भू-भाटक की प्रतिपूर्ति की राशि प्राधिकरण को भुगतान करेगा। यह निर्णय न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि को सुदृढ़ करेगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों एवं शिल्पकारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला को प्रदर्शित करने का एक स्थायी मंच भी प्रदान करेगा।

# हम प्रदेश को घुसपैठ का शिकार नहीं बनने देंगे डिप्टी सीएम ने की जिलेवार स्थिति की समीक्षा

**टोल-फ्री नंबर और गूगल फॉर्म के माध्यम से आम जनता से भी सूचना प्राप्त की जाएगी : शर्मा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अवैध घुसपैठ के प्रकरणों पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने मंत्रालय में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के समस्त जिलों के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने जिलेवार स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा, केवल कुछ सीमावर्ती जिलों में ही नहीं, बल्कि समूचे प्रदेश में इस विषय को अत्यंत संवेदनशीलता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने दो टूक कहा, हम प्रदेश को घुसपैठ का शिकार नहीं बनने दे सकते। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को सिर्फ एक रूटीन ड्यूटी न समझते हुए इसे राष्ट्र और समाज की सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत गंभीर उत्तरदायित्व मानकर पूरी निष्ठा से करें। उपमुख्यमंत्री ने घुसपैठियों के विरुद्ध कार्रवाई में दुर्ग जिले में अच्छे कार्य के लिए उन्हें बधाई दी। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में जिलों में चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर वहां सघन तलाशी अभियान चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं पूछताछ और किरायेदारों के सत्यापन अभियान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।



### दस्तावेजों के भरोसे निष्कर्ष पर न पहुंचें

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह भी कहा कि दस्तावेजों के भरोसे केवल निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि व्यक्ति की भाषा, उच्चारण, पारिवारिक जानकारी, गांव, स्कूल और स्थानीय संपर्कों के आधार पर उसकी वास्तविक पहचान की पुष्टि की जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाए गए पहचान को केवल दस्तावेज देख कर सत्य नहीं माना जा सकता। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल दस्तावेज जांच पर्याप्त नहीं है। इसके स्थान पर व्यक्ति की पारिवारिक, शैक्षणिक और सामाजिक पृष्ठभूमि की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। सभी जिलों से एक-एक मोबाइल निरीक्षण टीम गठित की जाए, जो मौके पर जाकर तत्काल जांच कर सके। उन्होंने कहा, पंचायत स्तर पर एक स्थायी रजिस्टर तैयार किया जाए, जिसमें छत्तीसगढ़ निर्माण के पूर्व से गांवों में निवासरत परिवारों की जानकारी संग्रहीत की जाए। इससे भविष्य में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच में मदद मिलेगी।

### गोवंश तस्करी संगठित अपराध

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गोवंश तस्करी जैसे गंभीर अपराध पर सख्ती से रोक लगाने के लिए सभी जिलों के नोडल अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में एसओपी के तहत अब तक की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की और भविष्य में अधिक प्रभावी रणनीति लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा, इस एक्ट को पुलिस को एक प्रभावी हथियार के रूप में उपयोग करना चाहिए, ताकि कार्रवाई में तेजी लाई जा सके।

# कांग्रेस का आरोप- 10 हजार से अधिक स्कूल बंद तथा 45 हजार शिक्षकों के पद होंगे समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही तथा 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। सरकार बनने के बाद 33000 शिक्षक भर्ती की घोषणा, इस वर्ष बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गयी है अब 5000 शिक्षक भर्ती की घोषणा किये हैं, लेकिन यह शिक्षक भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिये 45000 शिक्षक पद समाप्त किये जा रहे हैं। जब पद ही खाली नही रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे? युक्तियुक्तकरण शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है। स्कूलों के बंद होने से रसोईया, चौकीदार, भृत्य जैसे पद भी समाप्त होंगे। शराब दुकान खुल रहा है और स्कूल बंद हो रहा है।

### सोसाइटियों में पर्याप्त खाद-बीज नहीं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण सोसायटियों में अभी तक खाद, बीज पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पाया है। इस वर्ष डीएपी की 4.50 लाख मीट्रिक टन की जरूरत है, अभी सिर्फ 81 हजार मीट्रिक टन ही उपलब्ध है। मानसून की दस्तक हो चुकी है। अभी तक सोसायटियो में उर्वरक पहुंच जाने चाहिये, किसान चितिंत है। कांग्रेस सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपकर सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद्य बीज उपलब्ध करवाने की मांग करेगी।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा | अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं हों घर के आसपास ही अच्छा इलाज मिले: साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दवाइयों की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि राज्य में आयुष के जरिए उपचार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं, इसे और विस्तारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आमजन के हित में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा है कि अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं हो और उन्हें अपने घर के आसपास ही अच्छा इलाज मिले।

### स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एनीमिया, मैटरनल प्रोग्राम और लेप्रोसी जैसी बीमारियों पर प्राथमिकता से काम किया जाए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम में देश में 5वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का और बेहतर विस्तार होता रहेगा। श्री जायसवाल ने राज्य सरकार के गठन के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गयी उपलब्धियों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं को भी मुख्यमंत्री के सामने रखा।



### टीबी उपचार की सफलता 90 फीसदी

स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य टीबी और मलेरिया जैसी बीमारियों के उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है। टीबी उन्मूलन की दिशा में उपचार सफलता की दर 90 फीसदी है जबकि इस दौरान शत प्रतिशत टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है। इसके साथ ही राज्य में मार्च 2025 तक टीकाकरण का 94 फीसदी लक्ष्य पूर्ण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत एवं मुकेश बंसल, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा एवं आयुक्त आयुष विभाग शिखा राजपूत तिवारी, प्रबंध संचालक एनएचएम एवं आयुक्त सह संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला, खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक दीपक अग्रवाल समेत स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रूठा मानसून... एक सप्ताह के लिए भूल जाइए बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मई में मानसून आगमन का जश्न मना रहे लोगों को अब गर्मी परेशान करने लगी है। ये हालात आने वाले एक सप्ताह तक बने रह सकते हैं। मानसूनी हवा की स्थिति को आने वाले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना कम ही है। इस दौरान हल्की बारिश या बूंदाबांदी की ही स्थिति निर्मित होगी। दंतेवाड़ा में मानसून कुछ और दिनों तक रूका रहेगा। वर्तमान सप्ताह में इसके रायपुर पहुंचने की संभावना अत्यंत कम है। गुरुवार को प्रदेश के किसी भी स्थान पर बारिश दर्ज नहीं की गई। वर्षा के आंकड़े निरंक रहे। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबादी अवश्य हुई, लेकिन इससे भी तापमान में विशेष राहत नहीं मिल सकी। रायपुर में दोपहर बाद आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। इस कारण उमस भरी गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ा।






## खबर संक्षेप



### पचरी में मनाया गया चावल उत्सव दिवस

**झलप।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा बरसात के मौसम में राशन कार्डधारी हितग्राहियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बरसात पूर्व तीन (जून, जुलाई, अगस्त) माह का चावल एकमुश्त दिया जा रहा है। इसी कड़ी ग्राम पंचायत पचरी समिति द्वारा संचालित दुकान में ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच की उपस्थिति में राशन कार्डधारियों को तीन माह का एक मुस्त चावल वितरण प्रारंभ किया गया। प्राथमिक कार्डधारी हितग्राहियों को चावल प्रदान करते ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच सरिता चूड़ामणि डडसेना ने कहा कि तीन माह का एकमुश्त चावल दिया जा रहा है। सभी हितग्राही समय पर पहुंचकर अपना राशन ले सकते हैं। इस अवसर पर गेंदराम जोशी उपसरपंच, देवकुमार टंडन पंच, कुमारी लखन टंडन, संध्या प्रदीप दीवान, होमेश्वरी होमेश्वर साहू, प्रमिला विनोद जोशी, बिस्वंतिन लहरे, भगवती पालेश्वर डडसेना, प्रीति महेश भगत, सरजू निषाद, सोहन यादव, राजेश लहरे, जनक डडसेना, सुकालू यादव, भुनेश्वर डडसेना, सेउक कुर्रे, रमेश मन्नाडे, बसंत जांगडे आदि मौजूद रहे।

### छग शिवसेना जिला इकाई महासमुंद की हुई बैठक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला इकाई महासमुंद की बैठक 6 जून को हुई। जिसमें 17 जून 2025 को शिवसेना शिंदे गुट राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अड़सूल का आगमन होना है। जहां जिले से सैकड़ों शिवसैनिक शामिल होंगे तथा पार्टी में नई कार्यकारणी का गठन कर नए पदों का प्रभार दिया गया। बसना ब्लाक के वर्तमान ब्लाक अध्यक्ष दिनेश सेठ और सरायपाली से ब्लाक अध्यक्ष रहे, दिनेश राजपूत को गलत गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर पदमुक्त किया गया। वहीं सेवक दास दीवान को गरियाबंद जिला व महासमुंद जिला का प्रभार दिया। धीरज सिन्हा को जिला विधिक सलाहकार, इनकुमार लहरे जिला महासचिव, अमित शर्मा शहर अध्यक्ष महासमुंद, महेंद्र वर्मा शहर उपाध्यक्ष महासमुंद, बादल बंजारे महासमुंद विधानसभा अध्यक्ष, नीरज साहू युवासेना जिला अध्यक्ष, राजू जागेश्वर साहू जिला उपाध्यक्ष युवा सेना, बिट्टू ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी, कुणाल सोनी बसना विधानसभा अध्यक्ष, छबि मानिकपुरी सरायपाली विधानसभा अध्यक्ष, हरि चंद्राकर खल्लारी विधानसभा, देवसरण निषाद खल्लारी उपाध्यक्ष, तुकेश साहू कोमाखन मंडल प्रमुख बनाए गए। यह बैठक प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देशानुसार हुई। बैठक में प्रदेश महासचिव दिनेश ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, आनंद आदि मौजूद रहे।

**विडंबना:** प्रशासन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर खड़े हो रहे सवाल

# पूर्व सरपंच पर 5.18 लाख के गबन का आरोप, जांच के बावजूद बना पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के बसना विकासखंड के ग्राम बरडीह के पूर्व सरपंच संजय भोई पर शासकीय राशि के गबन का गंभीर मामला सामने आने के बाद और गंभीर बात यह सामने आई है कि मामले में जांच दल द्वारा गबन की पुष्टि होने के बाद भी एसडीएम द्वारा मामले को खारिज कर दिया गया। जिसके कारण एक बार फिर संबंधित गबन का आरोपी चुनाव लड़कर पंच निर्वाचित हो गया। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण कार्य में अनियमितताओं की शिकायत पर तत्कालीन सीईओ जनपद पंचायत बसना आरके वर्मा द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। उप अभियंता केआर खुराना, आंतरिक लेखा अधिकारी जयलाल साव व संतलाल साहू की इस समिति ने ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच कर 5,18,575 रुपए की राशि का गबन प्रमाणित किया।



### कलेक्टर ने अपील की खारिज, फिर भी मामला नस्तीबद्ध

जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम सरायपाली ने संजय भोई को छत्तीसगढ़ पंचायत अधिनियम की धारा 92 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया। भोई ने उक्त आदेश को कलेक्टर न्यायालय में चुनौती दी। लेकिन, तात्कालीन कलेक्टर प्रभात मलिक (आईएएस) ने अपील को खारिज करते हुए गबन की राशि को वसूली योग्य बताया। वर्ष 2025 के पंचायत चुनाव से ठीक पहले संजय भोई ने एसडीएम बसना को एक नया आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें लंबित न्यायालयीन प्रकरण की जानकारी छिपाई गई। इसके बाद एसडीएम मनोज खांडे द्वारा 16 जनवरी को प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया गया, जिससे भोई के चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया।

### शासन से पुनः जांच की मांग

ग्राम बरडीह के निवासी अशोक गढ़तिया ने मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और कलेक्टर को पत्र द्वारा गई मांगों में 5.18 लाख की राशि की वसूली और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई मांग की गई है। ग्राम पंचायत को विकास कार्यों हेतु रोकी गई राशि पुनः जारी की जाए।

### क्या होगा अगला कदम?

यह मामला शासन और प्रशासन की ईमानदारी की अग्निपरीक्षा बन चुका है। क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी या यह मामला भी कागजों में दफन होकर रह जाएगा? ग्रामीणों की उम्मीदें अब सरकार की निष्पक्षता पर टिकी हैं।

### ग्रामीणों ने लगाए और भी भ्रष्टाचार के आरोप

सिर्फ सीसी रोड ही नहीं, ग्रामीणों ने अब शौचालय निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना में भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार शौचालय निर्माण के लिए 4000 से 6000 रुपए तक की अवैध वसूली की गई, जबकि आवास योजना के लिए भी लाभार्थियों से जबरन पैसे वसूले गए।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण का भी आरोप

कार्रवाई न होने और प्रशासनिक अफसरों द्वारा प्रकरण को नस्तीबध्द किए जाने के मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण की बात भी सामने आ रही है। सूत्र बताते हैं कि स्थानीय भाजपा नेताओं के दबाव में अफसरों ने मामले को नस्तीबद्ध किया गया है और मामले के उजागर होने के बाद भी कुछ नेताओं द्वारा मामले दबाए जाने लगातार प्रयास जारी है। लोगों का कहना है कि रीति-नीति का हवाला देने वाली पार्टी द्वारा भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया जाना कहां तक उचित है? ग्रामीणों ने संजय भोई पर राजनीतिक संरक्षण होने का भी आरोप लगाया है।

# जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत

- महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत अमलोर और रामपुर तथा बागबाहरा अंतर्गत हाड़ाबंद में शिविर का आयोजन आज

महासमुंद जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के परिवारों के लिए शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण के लिए दो दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए आदिम जाति विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का संयुक्त दल का गठन किया गया है। सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि शिविर में उपस्थित रहकर आवश्यक कार्यों का संपादन कर रहे हैं। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम, आदिम जाति कल्याण विभाग से मंडल संयोजक, पंचायत विभाग से करारोपण अधिकारी, हॉस्टल अधीक्षक, उपस्वास्थ्य केन्द्र के आरएचओ, सीएचओ, मितानिन, पंचायत सचिव एवं आधार ऑपरेटर मौजूद रहेंगे। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 05 जून से 14 जून 2025 तक शिविर 10 पीव्हीटीजी गांवों में लगाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य 31 पीव्हीटीजी गांवों के सभी पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ दिलाना है। अब तक 05 जून को कोलपदर और बंदोरा तथा 06 जून को कोलपदर, बंदोरा, अमलोर और रामपुर में शिविर आयोजित किया गया। अमलोर और रामपुर में शनिवार 07 जून को भी शिविर जारी रहेगा। आगामी शिविर 09 एवं 10 जून को धनसुली में, 11 एवं 12 जून को जोरातराई, 12 एवं 13 जून को लोहारडीह और जलकी तथा 13 एवं 14 जून को बड़गांव और बोडरा में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 07 स्थानों पर शिविर का आयोजन कर 25 विशेष पिछड़ी जनजाति गांवों के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। अब तक जुनवानीकला, सिर्रीपठारीमुड़ा और हाड़ाबंद में शिविर का आयोजन किया गया है। हाड़ाबंद में शिविर 07 जून को भी जारी रहेगा। आगामी शिविर 09 एवं 10 जून को ग्राम कमरौद में, 11 एवं 12 जून को बोडराबांधा, 12 एवं 13 जून को तमोरा में तथा 13 एवं 14 जून को खम्हरिया में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर शहीद स्मारक में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व पर्यावरण दिवस पर खरोरा स्थित शहीद स्मारक परिसर में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस वर्ष 2025 के पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना निर्धारित की गई है, जो पर्यावरण संकट के समाधान की दिशा में जनजागरुकता बढ़ाने का संदेश देती है। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा संचालित अग्नि वीर प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद के प्रशिक्षणार्थियों एवं पूर्व सैनिकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान शहीद स्मारक एवं उसके आसपास के क्षेत्र में



स्वच्छता अभियान चलाया गया, तथा धरती को हरित रखने के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया।परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण मानव जाति का नैतिक और अनिवार्य कर्तव्य है। प्लास्टिक न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि यह समस्त जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को भी प्रभावित करता है। अतः हमें प्लास्टिक का बहिष्कार कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सैनिक युवराज चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, सहदेव ध्रुव, आरपी साहू, लक्ष्मीचंद घृतलहरे, कनक राम निषाद,पुरुषोत्तम डड़सेना सहित अग्नि वीर प्रशिक्षणार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### बेलसोंडा के नवातालाब में रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने अपने गृह गांव बेलसोंडा के नवा तालाब में एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत नीम, जामुन, बरगद के रोपे पौधे। साथ ही पेड़ की सरंक्षण कर उनका निरंतर देखभाल करने के लिए संकल्प भी लिया। हुलसी ने कहा कि भले हम एक पेड़ क्यों न लगाएं, लेकिन उसका पूरी तरह से अपने संतान जैसे उसको सीज कर संरक्षण करना हम सभी के जिम्मेदारी है। ग्रीष्म कालीन में तापमान 50 से 52 डिग्री हो जा रहा है। हम सभी एक बर्ष में एक एक पेड़ लगाकर उनका संरक्षण करें तो हम पर्यावरण बचा सकते हैं। पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रदान करती है। जिसे हमारी सांसें चल रही है। पर्यावरण बचाना हम सभी नागरिकों का है। इस अवसर पर बेलसोंडा पंच भीखम धीवर, ग्रामीण जितेन्द्र चंद्राकर, अशोक साहू, संजय चंद्राकर, श्याम लाल ध्रुव, सालिक साहू, रामनाथ धीवर, लोकेश्वरी चंद्राकर, डिगेश्वरी महिलांग उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जंगल सुरक्षा का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रीजन कल्याण समाज सेवी संस्था प्रमुख हेमलता ने बताया कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजन ग्राम पंचायत लोहारडीह के आश्रित गांव घोंघीबाहरा में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय को पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ लगाये गये पेड़ों की सुरक्षा और पेड़ों का समुचित देखभाल के साथ ही अपने आसपास के जंगल का सुरक्षा करना। कार्यक्रम की शुरुआत गांव की महिला समूह गीता स्वयं सहायता समूह एवं ग्राम विकास समिति ग्राम पंचायत सदस्यगण एवं गांव के समस्त नागरिकों द्वारा 5 जून पर्यावरण दिवस अमर रहे और जंगल की रक्षा कौन करेगा नारा के साथ



जंगल घूमने जायेंगे मीठे फल खायेंगे का नारा गांव के गली में गूंजता रहा। कार्यक्रम के दूसरे चरण में समुदाय द्वारा गांव के सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, तरिया तालाब पार, सडक़ किनारे साथ ही चौक चौराहों पर भी फलदार पेड़ों का पौधारोपण किया गया। पश्चात ग्राम की महिला पंच विमला खैरवार और शांति कुजूर द्वारा उपस्थित सदस्यों को शपथ दिलाया गया कि हम अपने घर और आसपास फलदार पौधों को लगाएंगे, बढ़ते तक उसकी देखभाल भी करेंगे। इसके साथ ही अपने जंगल की सुरक्षा भी करेंगे और सभी को पौधारोपण के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के महिला समूह, ग्राम विकास समिति, वन अधिकार समिति एवं वन प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य उपस्थित थे। साथ ही संस्था के क्षेत्रीय कार्यकर्ता, विष्णुप्रिया ठाकुर, हीना साहू, राजेश निषाद उपस्थित रहे।

# गुड़रूडीह में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व पर्यावरण दिवस पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम गुडरूडीह में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद तथा वन विभाग महासमुंद एवं रिलायंस फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में लगभग 125 महिलाएं, 45 पुरुष किसान एवं 25 बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। वन विभाग महासमुंद द्वारा इस कार्यक्रम के लिए 188 पौधे निःशुल्क प्रदान किए गए, जिनका रोपण सभी प्रतिभागियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद के प्रमुख और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सतीश कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को अपनी माँ को स्मरण करते हुए एक वृक्ष लगाना चाहिए और अपने गांव तथा जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. वर्मा द्वारा ग्रामीणों को सीड बॉल निर्माण, फलदार पौधों की वैज्ञानिक पद्धति से रोपण, किचन गार्डन के लाभों सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण (प्रदर्शन) प्रदान किया गया। इनमें जल संरक्षण एवं प्रबंधन, कचरा प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं अनुकूलन रणनीति, सतत कृषि और खाद्य सुरक्षा, पारंपरिक पारिस्थितिकी ज्ञान, प्लास्टिक प्रदूषण उन्मूलन शामिल है। कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इनमें रमाकांत ध्रुव, परमेश्वर ध्रुव, हीरालाल ध्रुव, सावित्र ध्रुव, बुढ़यिा ध्रुव, नारायण पटेल, तुलाराम ध्रुव, सावित्री ध्रुव, ललिता ध्रुव और सुशीला ध्रुव शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन रिलायंस फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष कुमार सिंह ने किया।

**एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत लगाए गए विविध पौधे**

# पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी: हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरेकेलखुर्द में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, ग्राम पंचायत, समर्थ संस्था, सजग समाज सेवी संस्था, सामुदायिक वन अधिकार समिति तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा पिथौरा इकाई ने संयुक्त रूप से सहभागिता निभाई। एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत बड़ी संख्या में पौधे रोपे गए। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों, स्कूल प्रबंधन समिति, पालकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी रोपित पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली गई है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से की गई। मुख्य वक्ता हेमंत खुटे, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के प्रांतीय प्रेस सचिव ने विज्ञान सभा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह वर्ष वृक्षारोपण वर्ष के रूप में



मनाया जा रहा है और पर्यावरण का संरक्षण-संवर्धन हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बेहतर भविष्य के लिए सभी से पौधरोपण करने की अपील की। एफए नंद संरक्षक विज्ञान सभा इकाई पिथौरा ने पेड़ है सांसें, पेड़ है जीवन गीत के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सरपंच राजकुमार निराला ने सभी ग्रामवासियों से 30 सितंबर तक कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह किया। अध्यक्षता कर रहे प्रधान पाठक अंतर्यामी प्रधान ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उपाय बताए। कार्यक्रम में सरपंच राजकुमार निराला, उपसरपंच माया यादव, शिव पटेल, विकास समिति अध्यक्ष बलराम पटेल, एसएमसी अध्यक्ष कुलदीप प्रधान, सजग समाजसेवी संस्था के डायरेक्टर देवेंद्र बघेल, दलित आदिवासी मंच संयोजक राजिम केटवास, ब्लॉक समन्वयक मंजूलता और सुदर्शन मुन्ना, समाजसेवी चंद्रिका आदि मंचासीन रहे। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा समर्थ चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश मधुकर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शिक्षक नीलकंठ दीवान ने किया।

## खबर संक्षेप



### महर्षि स्कूल परिसर में रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर यूथ क्लब के अध्यक्ष नितेश तिवारी एवं समस्त सदस्य ग्रंथ चोपड़ा, राधिका यादव, लिशी देवांगन आदि ने महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।



### बड़गांव में पर्यावरण दिवस पर रोपे गए अनेक पौधे

**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत बड़गांव में विश्व पर्यावरण दिवस पंचायत और स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि जवाहर ध्रुव, रोजगार सहायक अंजना यादव एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में बरगद, पीपल, नीम व फलदार पौधे लगाए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रतिनिधि ने बताया कि पर्यावरण दिवस पर दर्जन भर पौधारोपण किया गया। जिसमें विशेष रूप से बरगद, पीपल जैसे अधिक ऑक्सीजन प्राप्त होता है, ऐसे पौधे सहित कई फलदार पौधे लगाए गए हैं। जिससे आने वाले भविष्य में ग्रामीणों को लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। ताकि, हमारे आसपास हरियाली बनी रहे। इस अवसर पर ललित निषाद, विजय निषाद, ईश्वर ध्रुव उपस्थित थे।



### गायत्री जयंती पर पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता गायत्री की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। जिसमें पंच अंजू चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### बागबाहरा की छात्रा गुरनीत कौर का सेट क्वालिफाई

**बागबाहरा** महाविद्यालय से कॉमर्स संकाय की पूर्व छात्रा गुरनीत कौर पिता जसविंदर सिंह सलूजा ने व्यापम द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा को कॉमर्स विषय में क्वालीफाई किया। इसके बाद गुरनीत महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक परीक्षा के लिए पात्र हो गई है। उन्होंने 12वीं के बाद पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग में उच्च अध्ययन किया और पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी कॉमर्स क्षेत्र में मेरिट लिस्ट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर उन्होंने अपने महाविद्यालय के समस्त गुरुजन एवं माता-पिता का आभार जताया।



## निधन

### रेणु चंद्राकर

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर की धर्मपत्नी रेणु चंद्राकर (65) का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा में बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## आयोजन : सात दिवसीय आवासीय लोक संगीत कार्यशाला

# लोक कलाकारों ने प्रस्तुति दे सैकड़ों को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोक गीत, लोक संगीत, लोक नृत्य यहां की विशिष्ट पहचान है। किसी भी राज्य अथवा देश की सांस्कृतिक विरासत उसकी आत्मा होती है। समय के साथ-साथ सांस्कृतिक-सामाजिक-पारंपरिक बदलाव स्वाभाविक है। किंतु उस बदलाव में भी जो राज्य अथवा देश अपने पुरातन परंपराओं को सहेजने, संरक्षण और संवर्धन करने में सफल होता है, वह अपने गौरवशाली इतिहास साथ न्याय करता है और साथ ही अपने मूल स्वभाव, आचरण के साथ पुरखों के विरासत को बढ़ाकर पुष्पित-पल्लवित होता है। लोक की सुगन्ध समाज की आत्मा है, जो मनुष्यता और परंपरा को पोषित करती है। इसी कड़ी में लोक कलाकार



संरक्षण समिति बागबाहरा का प्रयास अनुकरणीय है। लगातार सांस्कृतिक क्षरण के दौर में भी अपने लोक कला-संगीत और परंपरागत चली आ रही विरासत को सहेजने और संरक्षित करने का उनका उदिम प्रसंशनीय ही नहीं अनुकरणीय भी है।

प्रत्येक दिवस रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक-संगीतकार पं.विवेक शर्मा, नीलेश शर्मा और पूरे परिवार का आगमन हुआ। प्रदेश नाचा संघ के अध्यक्ष रजित चक्रधारी कका भतीजा नाच पार्टी, सुखरीडबरी के रैनु-बंदन नाच पार्टी, और लोक कलाकार संरक्षण समिति के कलाकारों द्वारा प्रशिक्षार्थियों के मध्य उन्हें प्रेरणा देने अपनी प्रस्तुति प्रदान किए। प्रशिक्षार्थियों द्वारा इन पांच दिवस में जो कुछ सीखा गया, उसका प्रदर्शन अतिथियों के मध्य दिया गया, उनके प्रदर्शन से सभी अतिथि आनंदित हुए। सप्त दिवसीय कार्यशाला का अंतिम दो दिवस शेष है। इस तरह इस वर्ष भी यह आयोजन अपने उद्देश्य पूर्ति में सफलता प्राप्त कर रहा है। छत्तीसगढ़ के कलाकारों को विधिवत प्रशिक्षण देकर कही न कही कलाकारों को रोजगार प्रदान करने का कार्य भी कर रहा है।

संस्था के संरक्षक धनराज साहू, चिंता राम सेन, किरण क्षत्रे और अध्यक्ष टीकम पटेल, डिमान सेन, बालेश साहू, हरकेश महानंद, लक्ष्मण साहू, विश्राम यादव, विनोद दीवान, परस पटेल, महेंद्र साहू, अरुण साहू, मनोज देवांगन और समस्त सदस्य तन-मन -धन से इस आयोजन को सफल बनाने जुटे हुए हैं।

### 500 से अधिक लोक कलाकारों को विधिवत प्रशिक्षित

लगातार चार वर्षों से सप्त दिवसीय आवासीय लोक संगीत कार्यशाला का आयोजन कर पूरे प्रदेश में इतिहास रचने का कार्य अनवरत जारी है। इस वर्ष पूरे प्रदेश के बारह जिलों के प्रशिक्षार्थियों की संख्या 250 उपस्थिति इस बात की गवाह है। अब तक के इस सांस्कृतिक यात्रा में 500 से अधिक लोक कलाकारों को विधिवत प्रशिक्षित कर नया आयाम स्थापित किया है। कार्यशाला का लगातार पंचम दिवस अपने उद्देश्य को लेकर सफलता पूर्वक संचालित हुआ। जिसमें बागबाहरा नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संगठनों के मुखियाओं की उपस्थिति रही, जिसमें प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में नगर पालिका परिषद के तमाम जनप्रतिनिधियों का आगमन हुआ। क्रमशः अन्यान्य दिवस सरस्वती शिशु मंदिर, आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, मंदिर चलो समिति, मातृ शक्ति समिति, नगर साहू समाज बागबाहरा, आरएसएस के पदाधिकारी, साहित्यिक संस्था साहित्य संदेश के सदस्य के साथ नगर के सहयोगीगण, नागरिक व व्यापारीगण अपनी उपस्थिति प्रदान कर गतिविधि का अवलोकन कर संस्था की भूरी-भूरी प्रसंशा किए।

# युवा क्षेत्रीय खेल एवं सांस्कृतिक विकास समिति का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- नरेंद्र किशोर कानूनगो अध्यक्ष, मुकेश साहू सचिव बने

युवा क्षेत्रीय खेल एवं सांस्कृतिक विकास समिति सरायपाली की एक आवश्यक बैठक शाउमावि कलेंडा में अध्यक्ष राजकुमार पटेल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समिति के कार्यकाल पूर्ण हो ने पर समिति का पुनर्गठन किया गया। इसमें सर्व सहमति से सभी पदाधिकारियों का चयन किया गय।

संस्थापक सदस्य आरएस साहू, केआर पटेल, संरक्षक ध्रुव मलिक, आरएल पटेल, गिरधारी लाल साहू, अनंत सिंह नेताम, अध्यक्ष नरेंद्र किशोर कानूनगो, उपाध्यक्ष शिव पटेल, जयकृष्ण



चौधरी, बरुण बाघ, सचिव मुकेश साहू, सलाहकार प्रफुल्ल बारीक, राजकुमार पटेल, साथराम अजय, मिनकेतन पटेल, जयप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष हेमंत बारीक, सहसचिव दिव्य कुमार, संगठन सचिव भूपेंद्र प्रधान, मीडिया प्रभारी केशव सेठ और कार्यकारिणी सदस्य अक्षय सिदार, क्षिति पति साहू, नरेश प्रधान, नीलांचल पांडे, मिलेश सिदार, अश्वनी भोई, मिलेंद्र विशाल शामिल है। कार्यक्रम का संचालन सादराम अजय तथा आभार व्यक्त संस्थापक सदस्य के आर पटेल ने किया। सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता का शपथग्रहण बहुत जल्द कराया जाएगा। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी केशव सेठ ने दी है।

## बाल संप्रेषण गृह में मानसिक जांच परीक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पी कुदेशिया, नीलू धृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से बाल संप्रेषण गृह बरोंडाबाजार में मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण किया गया। जिसमें बालकों में युवावस्था में होने वाले तनाव को कम करने, भावनाओं को नियंत्रण में रखने और जीवन में आने वाली चुनौतियों से सामना करने के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत सृजनात्मक सोच के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी बालकों से पर्यावरण संबंधित पेंटिंग करवाया गया। यह



प्रशिक्षण डीएम एचपी स्टॉफ टिकेश्वरी गोस्वामी क्लिनिकल साइकोलॉजीस्ट, जागृति साहू काम्युनिटी नर्स द्वारा दिया गया।

## बागबाहरा के सांस्कृतिक भवन परिसर में हुआ पौधारोपण



**बागबाहरा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका के सांस्कृतिक भवन परिसर में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षदगण सविता दीवान, रमेश ठाकुर, मंता यादव, मेनका पोखराज साहू, मिथुन अमीर, रूपेश प्रेम साहू, शिवा जगत, शशि प्रताप सिंह उपअभियंता, चमेली साहू सामुदायिक संगठक सहित बड़ी संख्या में नपा कर्मचारी के साथ-साथ स्वच्छता दीदी एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

# साहू समाज ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

साहू समाज सुवरमार परिक्षेत्र क्रमांक- 03 द्वारा 3 मई को ग्राम कसेकेरा में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण व उद्घाटन समारोह के अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धरमदास साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भेखलाल साहू तहसील अध्यक्ष बागबाहरा, देवेश साहू अध्यक्ष सूरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 04 एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष बागबाहरा, प्रेषण साहू अध्यक्ष सुवरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 02, खेमराज साहू अध्यक्ष सिंघी



परिक्षेत्र, पोखराज साहू तहसील प्रकोष्ट बागबाहरा, हेमंत साहू सचिव तेंदूकोना परिक्षेत्र, हरिशंकर यादव विधायक प्रतिनिधि, राकेश साहू सरपंच कसेकेरा, बिंदेश्वरी यादव पूर्व जनपद सदस्य कसेकेरा रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भक्त माँ कर्मा माता की पूजन अर्चन व आरती कर की गई। पश्चात मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन फीता काटकर किया। इसके बाद समाज द्वारा अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं व गुलाल से किया गया। समारोह में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं कक्षा 10वी एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वालों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें जाहनवी साहू झिटकी, पल्ल्वी साहू कसेकेरा, चुनेश्वर साहू बिड़ोरा, मीनाक्षी साहू बिड़ोरा, खिलेश्वरी साहू बोईरगांव, प्रतिभावान छात्रों में नितेश साहू झिटकी नर्रा एमबीबीएस डाक्टर बन गए हैं, इनके पिता उमाराम साहू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भेखलाल साहू ने समाज को मार्गदर्शन प्रदान किए। अध्यक्षता कर रहे धरमदास साहू ने समाज के गतिविधियों पर जोर देते हुए अपना विचार रखे। मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए समाज के बेटे बेटियों को उच्च शिक्षा देने के लिए प्रेरित किए। इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष तुलसी राम साहू, सचिव राम प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष हरख राम साहू, संरक्षक कपूर चंद साहू, कृष्ण साहू, केशराम साहू, उपाध्यक्ष सेवाराम साहू, तेजराम साहू हरकराम साहू, गीता साहू, गोदावरी साहू, सहसचिव कोमल साहू, उमाराम साहू, आडिटर गुलाब साहू, युवा अध्यक्ष ज्ञानिक साहू, युवा उपाध्यक्ष मानिक साहू आदि मौजूद रहे।

## सीसी रोड के लिए भूमिपूजन...



**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 25 डॉक्टर राधाकृष्णन वार्ड में 31.49 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता वार्ड पार्षद भाऊराम साहू ने की। पालिका अध्यक्ष व पार्षद ने सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए वार्डवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष एतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, धनेश्वरी सोनवानी, हाफिज कुरैशी, आनंद साहू, पप्पू ठाकुर, मनीष बंसल, अभिषेक पांडे, लीलेश साहू, मौसम साहू, राहुल पटेल आदि उपस्थित थे।

## नवागांव स्कूल परिसर में किया गया पौधरोपण

**महासमुंद।** 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय पूर्व माशा एवं प्राशा नवागांव संकुल पटेवा में एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम को लेकर स्कूल परिसर में नीम, आवला, गुलमोहर, करन, आम एवं अन्य प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नवागांव के सरपंच पार्वती पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष पूरन लाल निषाद, अशोक पटेल, प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू, नरेश्वर डडसेना, इको क्लब प्रभारी शिक्षक मेमन चंद्राकर, अमर साहू, अमृतलाल निषाद, नन्द कुमार कोसरे, आशीष ध्रुव, सफाई कर्मचारी खेमलाल सिन्हा उपस्थित थे। शाला के छात्र प्रेरणा निर्मलकर, जया पटेल, हिना बरिहा, मंजू खडिया, गीतांजलि सिन्हा, गौरव निर्मलकर, कमलेश ध्रुव, पुलकित निषाद, रूद्र प्रताप का प्रमुख योगदान रहा। छात्रों द्वारा पौधे रोपित कर यह संकल्प भी लिया गया कि इन वृक्षों को मां के धरोहर के रूप में देख रेख कर सुरक्षित रखा जाएगा। इस अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव मनाए जाने के लिए शासन द्वारा आदेश एवं दिशा निर्देश के अनुरूप शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों ने साथ मिलकर चर्चा कर कार्यक्रम की कार्य योजना भी बनाई गई।



## लाफिनखुर्द हाईस्कूल परिसर में रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विविध प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल साहू, उपसरपंच शिव कुमार निषाद, समिति सदस्य नामदेव साहू तथा संस्था के प्राचार्य भारत साहू द्वारा की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ सदस्य राधेश्याम सोनी, अमित देवांगन, संदीप तिवारी एवं इको क्लब की छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सुंदरलाल साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे पर्यावरण संरक्षण का मूल आधार हैं। ये हमें फल, फूल, ऑक्सीजन एवं वर्षा प्रदान करते हैं तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक होते हैं। जिस प्रकार एक मां हमें निःस्वार्थ प्रेम और सुरक्षा देती है, उसी प्रकार पौधे भी हमें



जीवनदान देते हैं। अतः इनकी देखरेख करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अभियान के अंतर्गत आम, कटहल, जामुन, बादाम, काजू, बरगद आदि जैसे फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाना एवं प्रकृति के प्रति स्नेह और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने इस प्रयास की सराहना की और पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय बागबाहरा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रकृति के प्रति कर्तव्यबोध जगाने और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायक रामचंद्राकर, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बागबाहरा की अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में मंच पर भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद तथा डिंपल डॉली ध्रुव अध्यक्ष भाजपा मंडल बागबाहरा उपस्थित रहीं।

केशव नायक राम चंद्राकर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर उपस्थित जनसमुदाय को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। अगर हम आज पेड़ नहीं लगाएंगे, तो कल के बच्चे ऑक्सीजन के लिए तरसेंगे। वृक्ष जीवन का आधार हैं, वे जल, वायु और जमीन तीनों को संजीवनी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को हर साल कम से कम एक पौधा लगाकर उसका पालन-पोषण करना चाहिए, तभी हम जलवायु संकट से उबर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, वन विभाग के अधिकारियों एवं छात्रों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रश्मि मिंज ने कहा कि पर्यावरण शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाए बिना कोई स्थायी बदलाव नहीं लाया जा सकता। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय द्वारा वर्षभर पर्यावरणीय गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति युवाओं में संवेदनशीलता लाना, पौधारोपण के माध्यम से हरियाली को बढ़ावा देना और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा की जिम्मेदारी तय करना था।



इस दौरान प्रमुख रूप से पार्षदगण मंता यादव, सविता दीवान, मिथुन अमीर, शिव जगत, रमेश ठाकुर जनप्रतिनिधि में रामजीलाल सिंह पूर्व सरपंच, ताम्रध्वज बघेल युवा कांग्रेस अध्यक्ष, चंदन मारकंडे, वन विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों में लोकनाथ ध्रुव वन परिक्षेत्र अधिकारी, भुनेश्वर तिवारी डिप्टी रेंजर, गजानन बुड़ेक सहायक प्राध्यापक, दुलार सिंह सिंह वनरक्षक, लोकेंद्र अवाड़े, पालन कुमार दीवान, एसजी रात्रे, रामकुमार सिन्हा, नीलकंठ दीवान, चुनेश्वर ध्रुव, कविता ठाकुर, चित्र सेन दीवान, सुखनंदन यादव, शनी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

